# पीएम ने 105 करोड़ की राशि ट्रांसफर की

## नीतीश सरकार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को मिला केंद्र का समर्थन

- कम ब्याज दर पर महिलाओं को मिलेगा ऋण
- बिहार में जीविका निधि का शुभारंभ, महिलाओं को संबल
- मोदी बोले- नारी शक्ति विकसित भारत की रीढ़
- 11 लाख जीविका समूह, 1.4 करोड़ महिलाएं जुड़ीं
- महिलाओं को डिजिटल ऋण, मोबाइल से पूरी प्रक्रिया
- नीतीश ने कहा- जीविका से महिलाओं को मिली उड़ान
- 20 लाख महिलाएं डिजिटल माध्यम से जुड़ीं समारोह से

**पटना, 2 सितंबर. के 7 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज की मंजूरी देश की मातृशक्ति को आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन की ओर ले जाने के प्रयासों को और गति देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार में 'राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' की शुरुआत की.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है और बिहार में नारी शक्ति का बढ़ता प्रभाव पूरे देश के लिए एक उदाहरण है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका



निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बिहार में जीविका समूहों के माध्यम से नारी शक्ति का अद्वितीय विकास हुआ है, जो पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है.

### दो लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि जीविका समूहों की शुरुआत बिहार में 2006 में हुई थी और आज यह राज्य के हर कोने तक पहुंच गया है. शहरी क्षेत्रों में भी 37,000 समूह सक्रिय हैं. मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि सितंबर में जीविका से जुड़ी महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की राशि उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी और कारोबार के बढ़ने पर उन्हें दो लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा. इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम की शुरुआत की और प्रधानमंत्री का स्वागत किया. उन्होंने बताया कि इस डिजिटल कार्यक्रम से राज्य की करीब 20 लाख महिलाएं जुड़ी थीं.

> प्रधानमंत्री ने जीविका निधि के खाते में 105 करोड़ रुपये की राशि डिजिटल रूप से स्थानांतरित की और कहा कि आज मंगल के दिन, महिलाओं के हित में यह मंगल कार्य करते हुए अत्यंत संतोष हो रहा है. उन्होंने बताया कि जीविका समूहों की संख्या अब 11 लाख तक पहुंच चुकी है, जिनसे 1.4 करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं.

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग आज से 3 दिवसीय भारत यात्रा पर



**नई दिल्ली, 2 सितंबर.** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की आज से शुरू हो रही भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा को राजनयिक नजरिये से काफी अहम माना जा रहा है. वोंग पत्नी व एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शाम को यहां पहुंचेंगे. दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

# रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत



**मॉस्को, 2 सितम्बर. रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गये.**

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है. मंत्रालय ने यह भी कहा कि रूस के जैपद (पश्चिम) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गये.

बयान में कहा गया कि इसके साथ ही रूस के युग (दक्षिण) ग्रुप के सैनिकों ने पिछले दिनों 205 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया.


# पंजाब के लिए देश एकजुट : केजरीवाल

### पूर्व सीएम ने बाढ़ पीड़ितों के लिए उठाई आवाज

**अमृतसर 2 सितंबर. अरविंद केजरीवाल की भावुक अपील और कहा कि पंजाब संकट में है देश को एकजुट होना चाहिए. केजरीवाल ने बाढ़ पीड़ितों के लिए उठाई आवाज, देशवासियों से की मदद की अपील आम आदमी पार्टी का बड़ा कदम सांसदों और विधायकों की एक महीने की सैलरी जाएगी.**

केजरीवाल बोले हर आपदा में पंजाब खड़ा रहा, अब हमारी बारी है संवेदना नहीं, एक्शन चाहिए. ट्वीट से आगे बढ़कर राहत कार्यों में जुड़ें राजनीति से ऊपर उठकर इंसानियत की बात पार्टी लाइन से परे सभी नागरिकों से की गई.पंजाब इस समय भीषण बाढ़ की चपेट में है, जहां हजारों लोग बेघर हो चुके हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. इस विकट परिस्थिति में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया के ज़रिए देशभर के लोगों से पंजाब के लिए एकजुट होने की अपील की है. उन्होंने कहा कि देश पर आई किसी भी मुसीबत में पंजाब हमेशा सबसे आगे रहा है, अब समय है कि हम सब मिलकर पंजाब को इस त्रासदी से उबारें. पंजाब में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ ने राज्य के कई जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है.


> हजारों परिवार विस्थापित हो चुके हैं और जनजीवन पूरी तरह ठप पड़ चुका है. ऐसे समय में आम आदमी पार्टी ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की घोषणा की है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक भावुक अपील की, जिसमें उन्होंने कहा देश पर जब भी कोई मुसीबत आई, पंजाब सबसे पहले आगे खड़ा हुआ. आज जब पंजाब पर संकट आया है, तो पूरे देश को पंजाब के साथ खड़ा होना चाहिए. केजरीवाल ने बताया कि सभी सांसद और विधायक अपनी एक महीने की सैलरी पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे.



# भागवत आरएसएस की समन्वय बैठक में भाग लेने जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर 2 सितंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा मोहन भागवत पांच से सात सितम्बर तक जोधपुर में आरएसएस की होने वाली अखिल भारतीय समन्वय बैठक में भाग लेने जोधपुर पहुंच गए हैं.**

भागवत इस बैठक में भाग लेने के लिए जोधपुर पहुंचे. प्रांत संघचालक (जोधपुर प्रांत) हरदयाल वर्मा ने बताया कि श्री भागवत बैठक स्थल आदर्श डिफेंस स्पोर्ट्स एकेडमी लाल सागर पहुंचे जहां उनका तिलक लगा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया . तीन दिवसीय इस समन्वय बैठक में संघ से प्रेरित 32 विविध संगठनों के अ भा अध्यक्ष,



महामंत्री एवं संगठन महामंत्री सहित प्रमुख पदाधिकारी हिस्सा लेंगे . बैठक में भाग लेने के लिए इन पदाधिकारियों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है. बैठक में ये पदाधिकारी संगठन कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों के आधार पर परिस्थितियों का आकलन प्रस्तुत करेंगे. इसके अलावा इसमें राष्ट्रीय एकात्मता, सुरक्षा एवं सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा होगी.

# आउटसोर्स का गठन करेगी योगी सरकार

- उप्र कैबिनेट में 15 फैसलों को मिली मंजूरी

**लखनऊ, 2 सितंबर. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए.**

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए. सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी. लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी. नगरीय परिवहन की



सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है. शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10-10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा. एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा. उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी.

> सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी. इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी. इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा .खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है. सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है. इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी. उन्होंने बताया कि उनको तीन साल के लिए रखा जाएगा और महीने में 26 दिन काम लिया जाएगा.

## एक नजर में



### मोदी पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र, आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली, 2 सितंबर.** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी इंदौर निवासी हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका को मंगलवार को मंजूरी दे दी. न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने आरोपी याचिकाकर्ता की ओर से अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर माफी मांगने के तथ्य पर गौर करते हुए उसे यह राहत दी. इसके साथ ही, पीठ ने पुलिस को यह अनुमति दी कि व्यंग्यचित्रकार यदि जांच में सहयोग नहीं करें तो वह उनकी जमानत रद्द करने की गुहार अदालत से कर सकती है.

### श्रीलंका में स्थापित होंगे 25 इनक्यूबेशन केंद्र

**कोलंबो 2 सितंबर.** श्रीलंका ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता को ब?ावा देने के लिए 25 मिनी तकनीकी इनक्यूबेशन केंद्रों की स्थापना करेगा. श्रीलंका के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री क्रिसंथा अबेसेना ने मंगलवार को उद्यमियों के साथ बैठक के दौरान बताया कि यह नए केंद्र कृषि, उद्योग और पारंपरिक हस्तशिल्प को तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे और स्थानीय उत्पादों को निर्यात योग्य एवं आयात की गयी उत्पादों से प्रतिस्पर्धा योग्य बनाएंगे. अबेसेना ने कहा कि यह परियोजना सरकार की उस योजना का हिस्सा है जिसमें सरकार जमीनी संसाधन केंद्रों को तकनीकी और वैज्ञानिक ज्ञान के केंद्रों के रूप में बदलना चाहती है, जिससे ज्ञान शोध संस्थाओं से निकलकर लोगों तक पहुंच सके. उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों से भी बात चल रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय परिषदें स्थानीय उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचने में मदद करेंगी.

### वीजा मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग, 2 सितंबर.** चीन ने 15 सितंबर, 2025 से 14 सितंबर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है. चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी. प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीज़ा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं. गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है.

# मध्य रोपवे विकास समझौते पर हस्ताक्षर

### केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे शामिल

**देहरादून, 2 सितम्बर. देवभूमि उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक दिन रहा. भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधीन नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड एवं उत्तराखंड पर्यटन विभाग के बीच रोपवे विकास समझौता पर हस्ताक्षर किए गए.**

यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, उत्तराखंड सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, निदेशक तथा भारत सरकार के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे.



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह समझौता प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को नई दिशा देगा. साथ ही रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा रहा है. प्रमुख परियोजनाओं में केदारनाथ रोपवे (12.9 किमी, 1400 करोड़) और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे (12.4 किमी, 1200 करोड़) शामिल हैं. इनके निर्माण से श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम यात्रा मिलेगी. समझौते के अंतर्गत उत्तराखंड रोपवे लिमिटेड नामक एक विशेष कंपनी का गठन होगा. प्रारंभिक चरण में हेमकुंड साहिब परियोजना सहित कार्तिक स्वामी मंदिर (रुद्रप्रयाग) और दयारा बुग्याल (उत्तरकाशी) के रोपवे कार्य प्रारंभ होंगे.

## आज का इतिहास

1189 हेनरी द्वितीय के बाद रिचर्ड को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।

1783 अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।

1833 अमेरिका में पहला सफल समाचार पत्र न्यूयार्क सन बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।

1923 जाने-माने तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म।

1943 दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।

# ईश्वर करुण की कथा पुस्तक का लोकार्पण

**चेन्नई, 2 सितंबर. हिन्दी साहित्य के चर्चित हस्ताक्षर और मोहिउद्दीन नगर, बिहार के मूल निवासी ईश्वर करुण की कथा पुस्तक और कुरिंजी खिल उठा का लोकार्पण पिछले दिनों चेन्नई में तमिलनाडु हिन्दी साहित्य अकादमी के मुख्य समारोह में किया गया.**

लोकार्पणकर्ताओं में मुख्य अतिथि कोयंबतूर के साहित्यकार चंद्र प्रकाश गोयंका, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जयशंकर बाबू, हैदराबाद से प्रकाशित डेली हिन्दी मिलाप के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश जैन, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के अंतर्राष्ट्रीय भाषा केंद्र के निदेशक



डॉ जवाहर कर्णावट,राजस्थान चिड़ावा के वरिष्ठ पत्रकार महेश कुमार शर्मा आजाद चेन्नई के प्रतिष्ठित महाविद्यालय कन्यका परमेश्वरी कला एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के कॉरस्पॉडेंट वूटकूरु शरद कुमार,प्राचार्य डॉ पी वी वनिता और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर निर्मला एस मौर्य ने सम्मिलित रूप से किया. और कुरिंजी खिल उठा ईश्वर करुण का पहला कथा संग्रह है. अपना लेखकीय वक्तव्य देते हुए ईश्वर करुण ने बताया कि इस पुस्तक का शीर्षक पढ़कर उत्तर भारत के बहुत सारे हिन्दी विद्वानों ने यह पूछा कि कुरिंजी क्या है?

> ईश्वर करुण ने आगे कहा कि कुरिंजी-नीलगिरि की उपत्यका का में खिलने वाला एक दुर्लभ फूल है जो बैगनी कलर का होता है और प्रत्येक 12 वर्ष पर एक बार खिलता है .यह भारत के पुरातन पुष्पों में से एक है, जिसका उल्लेख तमिल संगम साहित्य में लगभग 4000 वर्ष पूर्व भी मिलता है. यह पुष्प प्रेमी और प्रेमिका के बीच प्रेम का प्रतीक है और मेरी कहानी और कुरिंजी खिल उठा में प्रेम के इसी सौंदर्य बोध को प्रस्तुत किया गया है .कहानी संग्रह में 14 कहानियाँ है और सभी कहानियाँ रोचक रही हैं.

# मराठा आंदोलन को कुछ लोग बना रहे राजनीतिक मुद्दा

- मुंबई के सीएम फडणवीस ने पुणे में कहा

**पुणे, 2 सितंबर. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कुछ लोग अपने फायदे के लिए मराठा आरक्षण आंदोलन का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा करने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी.**

फडणवीस ने यह बात आज पुणे के दौरे के दौरान कही, जहाँ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की मुंबई में भूख हड़ताल का असर भी देखा गया. यहां पर फडणवीस के दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन रहे मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. मुख्यमंत्री पुणे के दौरे पर थे और उन्होंने अपराह्न में पुणे में सिंहगढ़ रोड फ्लाईओवर का उद्घाटन किया. उन्होंने गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए कई गणेश



मंडलों का दौरा करेंगे. मुंबई में चल रहे मराठा आंदोलन पर बोलते हुए उन्होंने कहा, यह एक सामाजिक मुद्दा है, लेकिन कुछ लोग इसका राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं. कुछ लोग अपने फायदे के लिए इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं. लेकिन मैं कहता हूं, जो लोग इस मुद्दे पर अपनी रोटियां संकने की कोशिश करेंगे, उनका मुंह जलेगा. इसलिए, किसी को भी अपने निजी फायदे के लिए सामाजिक मुद्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार का रुख बिल्कुल स्पष्ट है.

### पुलिस ने जरांगे को प्रदर्शन स्थल खाली करने नोटिस दिया

मुंबई पुलिस ने मराठा आरक्षण आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे पाटिल और उनके समर्थकों को औपचारिक नोटिस जारी कर तुरंत आजाद मैदान खाली करने का निर्देश दिया है. मंगलवार को उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पांचवें दिन में प्रवेश कर गयी है .पुलिस ने आंदोलन के लिए पूर्व-निर्धारित शर्तों के कई उल्लंघन का हवाला देते हुए प्रदर्शन की अनुमति बढ़ाने से इनकार कर दिया है. पुलिस ने कहा कि जहां 5,000 प्रदर्शनकारियों की अनुमति दी गई थी, वहां महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से 40,000 से अधिक प्रदर्शनकारी आ गए. प्रदर्शनकारियों ने दक्षिण मुंबई की सड़कों को बाधित किया और संपर्क मार्गों पर 5,000 से अधिक गाड़ियां पार्क की हैं इससे क्षेत्र में कई जगह यातायात बाधित हुआ है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर खाना बनाकर, सार्वजनिक स्थानों पर नहाकर, नाचकर और क्रिकेट खेल कर कई शर्तों का उल्लंघन किया है. प्रदर्शन से चारों ओर पूरी तरह अव्यवस्था फैल गई, जिससे दक्षिण मुंबई में स्थानीय व्यापारियों की साप्ताहिक बिक्री प्रभावित हुयी और सीएसएमटी स्टेशन तथा मरीन ड्राइव क्षेत्र में यातायात बाधित हुआ.

**आफत** | भारी बारिश से देश के कई हिस्से बेहाल, दफ्तरों और स्कूलों में भरा पानी

# नदियां खतरे के निशान से ऊपर, फसलें तबाह, यातायात भी ठप

**नई दिल्ली/जालंधर/बस्ती/अलवर/लखनऊ, 2 सितंबर. देशभर में जारी भारी बारिश ने तबाही का रूप ले लिया है. दिल्ली में यमुना, बस्ती में सरयू और पंजाब में ब्यास नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है.**

उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में भी बाढ़ और जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त है. निचले इलाकों में पानी भरने से फसलें बर्बाद हो गई हैं, शहरों में ट्रैफिक जाम और रेल सेवाओं में बाधा आ रही है. प्रशासन अलर्ट पर है और बचाव दलों को तैनात कर दिया गया है.



देशभर में हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है. राजधानी दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार सुबह 205.80 मीटर पर पहुँच गया, जो खतरे के निशान (205.33 मीटर) से लगभग आधा मीटर ऊपर है. जल आयोग के अनुसार जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने और पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश इसकी प्रमुख वजह है.

उधर, उत्तर प्रदेश के बस्ती जि़ले में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है. नदी का प्रवाह तटबंधों पर दबाव बना रहा है, जिससे सूबिका बाबू सहित कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है. जालंधर, लखनऊ, गुरुग्राम और कपूरथला जैसे क्षेत्रों में भी प्रशासन अलर्ट पर है. वस्तुओं की कालाबाजारी रोकने के लिए दुकानों पर निगरानी रखी जा रही है.

> राजस्थान के अलवर में दोहरी मार देखने को मिल रही है. जयसमंद बांध में जलभराव बढ़ने से प्याज और बाजरे की फसलें बर्बाद हो गई हैं, वहीं सिलीसेढ़ झील लबालब हो जाने के कारण मगरमच्छ सड़कों पर आ गए हैं. सोमवार रात को एक मगरमच्छ के सड़क पर दिखने की घटना से इलाके में दहशत फैल गई. उधर भिवाड़ी में भारी बारिश से शहर जलमग्न हो गया है. दुकानों, बैंकों और कार्यालयों में पानी घुस चुका है. गड्ढों में वाहन फंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं.

# नीतीश ने पूर्व सीएम दारोगा प्रसाद राय की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना, 2 सितंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दारोगा प्रसाद राय की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.**

कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दारोगा प्रसाद राय की जयंती के अवसर पर यहां नया सचिवालय परिसर के समक्ष स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय



कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, अन्य जन प्रतिनिधिगण, राय के सुपुत्र चन्द्रिका राय एवं उनके परिजन, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. दारोगा प्रसाद राय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

# शी जिनपिंग ने की शहबाज शरीफ से मुलाकात

**बीजिंग.** चीन की राजधानी बीजिंग में मंगलवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की. शी ने कहा कि दुनिया में तेजी से अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं, इसीलिए चीन-पाकिस्तान के मजबूत संबंध क्षेत्रीय शांति और विकास की सुरक्षा के लिए अनुकूल है. दोनों देशों को नये युग में साझा भविष्य के साथ और भी चीन-पाकिस्तान समुदाय के घनिष्ठ संबंध निर्माण में तेजी लानी चाहिए, जिससे दोनों देशों की जनता को बेहतर लाभ मिल सके और पड़ोस के लिए एक आदर्श स्थापित हो. पाकिस्तान अपने देश में चीनी कर्मियों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठायेगा.